महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

E-mail: registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांकः 2672 / कु०का० / 2026 दिनांकः 28 / 04 / 2026

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य / प्रवेश प्रभारी
समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर,
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़।

विषयः शैक्षणिक सत्र 2026–27 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 02 अप्रैल, 2026 में लिए गये निर्णय तथा उत्तर प्रदेश शासन के समर्थ पोर्टल से प्रवेश के सम्बन्ध में प्राप्त दिशा–निर्देशों के क्रम में मा० कुलपति महोदय के आदेशानुसार विश्वविद्यालय परिसर एवं सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2026–27 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार सम्पन्न करायी जायेगी–

क्र०सं०	विवरण	प्रवेश प्रारम्भ होने की तिथि	प्रवेश की अन्तिम तिथि
1	विश्वविद्यालय के स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करना।	28 अप्रैल, 2026	27 मई, 2026
2	फॉर्म सुधार / शैक्षणिक योग्यता की पुनः प्रविष्ट	अन्तिम तिथि के पश्चात् 04 दिन	
3	ऑनलाइन मेरिट सूची जारी करने की तिथि	आवेदन पूर्ण होने के पश्चात् 10 दिन	
4	स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों में कॉउन्सलिंग (ऑफलाइन) प्रवेश की तिथि	स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों की मेरिट सूची के पश्चात्	
5	विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों के अध्ययन–अध्यापन / कक्षारम्भ की तिथि	13 जुलाई, 2026	

उपरोक्त प्रवेश समय सारणी के अन्तर्गत विश्वविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के चरण इस प्रकार होंगे–

(क) महाविद्यालयों में प्रवेशः

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी भी महाविद्यालय में संचालित किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की इच्छुक छात्र / छात्राओं को सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल https://msdsuadm.samarth.edu.in/test.php से ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए छात्र / छात्रा सर्वप्रथम अपनी लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड के द्वारा वांछित सूचनाओं को भरकर एवं फोटो तथा हस्ताक्षर अपलोड कर रजिस्ट्रेशन शुल्क रु० 300 /– का भुगतान करेंगे। इसके उपरान्त छात्र / छात्राओं को विश्वविद्यालय का एक पंजीकरण पत्र (रजिस्ट्रेशन संख्या) प्राप्त होगा। पंजीकरण हो जाने के उपरान्त उपरोक्त पंजीकरण पत्र के साथ

महाराजा सुहेल देव विश्वविद्यालय, आजमगढ़

E-mail: registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com

Website: www.msdsu.ac.in

छात्र/छात्राएँ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी भी महाविद्यालय में उस महाविद्यालय की विहित प्रक्रिया (मेरिट अथवा प्रवेश परीक्षा) पूर्ण करके सम्बन्धित महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त कर सकेगा। महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया के सम्बन्ध में महाविद्यालय स्वतंत्र होंगे।

(ख) विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेशः

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र–छात्राएँ भी विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल लिंक https://msdsuadm.samarth.edu.in/test.php द्वारा अपनी लॉगिन आईडी बनाने के उपरान्त एवं प्रोफाइल पूरा करने के पश्चात् रु० 300/– का सफल भुगतान करने पर विश्वविद्यालय के किसी भी एक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए अभ्यर्थी पोर्टल पर दिए गये विश्वविद्यालय परिसर का विकल्प चुनेंगे। तदोपरान्त सभी शैक्षणिक एवं अन्य जानकारी भरकर वांछित विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सीधे आवेदन कर सकेंगे। इस शुल्क के साथ किसी एक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है। एक से अधिक पाठ्यक्रमों में आवेदन करने वाले अभ्यर्थी प्रत्येक अतिरिक्त पाठ्यक्रम हेतु रु० 300/– का अतिरिक्त भुगतान करके आवेदन प्राप्त कर सकेंगे। प्रवेश समिति के निर्णय के अनुसार यदि किसी पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने वाले छात्र–छात्राओं की संख्या उपलब्ध सीट संख्या के तीन गुना से अधिक होगी तो विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन कर सकता है। अन्यथा निर्गत मेरिट सूची से काउन्सलिंग के द्वारा सम्बन्धित पाठ्यक्रम में छात्र–छात्राओं का प्रवेश लिया जाएगा। बी०ई० पाठ्यक्रमों में प्रवेश उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय (AKTU) से काउंसिलिंग के उपरान्त विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु अर्ह होंगे। ऐसे अभ्यर्थी को विश्वविद्यालय में पूर्व आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। काउंसिलिंग के उपरान्त ऐसे अभ्यर्थियों को समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश से सम्बन्धित सभी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://msdsu.ac.in/ पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका से प्राप्त की जा सकती है।

भवदीय

डॉ०(अंजनी कुमार मिश्र)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव कुलपति को, मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. परीक्षा नियंत्रक/वित्त अधिकारी/सहायक कुलसचिव।
3. एजेन्सी को इस आशय से की सम्बन्धित पत्र को वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव